**NEWS CLIPPING:13.08.2022**

# DAINIK BHASKAR

# पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने हेतु वनीकरण ही एकमात्र उपाय

## लेफ्टिनेंट जनरल यादव ने लगाए नीम और पीपल के पौधे

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 11 से 17 अगस्त तक विशेष पौधरोपण अभियान शुरू किया है। यह अभियान हरियाणा के राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आह्वान पर शुरू किया गया है

पौधरोपण अभियान का उद्घाटन शुक्रवार को विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल केएस यादव ने किया। उन्होंने परिसर में वट, नीम और पीपल के पौधे लगाए। यादव ने कहा कि एक पेड़ अपने पूरे जीवनकाल में एक टन कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर सकता है। इस प्रकार एक पेड़ 4 लोगों के परिवार के लिए एक बीमा की तरह है। उन्होंने पेड़ों के चिकित्सा, धार्मिक और पारिस्थितिक लाभों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए केवल वनीकरण ही एकमात्र उपाय है। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने बताया कि विश्वविद्यालय पौधरोपण अभियान में हिस्सा लेने के लिए जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रित कर रहा है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, निदेशक युवा कल्याण प्रो. प्रदीप डिमरी, डीन छात्र कल्याण प्रो. लखविंदर सिंह, आदि मौजूद थे।




पौधरोपण करते ले. जनल यादव।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:13.08.2022**

# AAJ SAMAJ

**अभियान** | **जेसी बोस विवि ने 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण अभियान किया शुरू**

## वनीकरण पर ध्यान देना जरूरीः लेफ्टिनेंट जनरल यादव

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त, 2022 तक एक विशेष पौधरोपण अभियान शुरू किया है। यह अभियान हरियाणा के राज्यपाल तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आह्वान पर शुरू किया गया है। पौधरोपण अभियान का उद्घाटन शनिवार को विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव ने कुलपति प्रो. एसके तोमर की उपस्थिति में विश्वविद्यालय में चल रहे हरियाली पर्व के तहत परिसर में वट, नीम और पीपल के त्रिवेणी के पौधे लगाये। पौधरोपण अभियान में प्रबंधन अध्ययन के शिक्षकों ने भी भाग लिया। गौरतलब है कि हरियाणा के राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों से 11 से 17 अगस्त 2022 तक पौधारोपण अभियान चलाने और परिसर में विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाने का आग्रह किया है।

इस राज्यव्यापी पौधरोपण अभियान के अंतर्गत दत्तात्रेय 14 अगस्त, 2022 को हरियाणा राजभवन के परिसर में पौधा लगाएंगे और इसी दिन विश्वविद्यालय और उनके संबद्ध कॉलेज भी अपने परिसरों में पौधा लगाकर उनका साथ देंगे। इस अवसर पर बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल यादव ने राज्य में वनों क्षेत्र को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की और कहा कि पिछले 30 वर्षों में हरियाणा का लगभग दो-तिहाई वन क्षेत्र अतिक्रमण और औद्योगिक परियोजनाओं के कारण कम हुआ हैं, जिससे प्रकृति और पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ है।


पौधरोपण के उपरांत शिक्षकों के साथ पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव व कुलपति प्रो. एसके तोमर। **आज समाज**

उन्होंने कहा कि एक पेड़ अपने पूरे जीवनकाल में 1 टन कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर सकता है। इस प्रकार, एक पेड़ चार लोगों के परिवार के लिए एक बीमा की तरह है। उन्होंने पेड़ों के चिकित्सा, धार्मिक और पारिस्थितिक लाभों का उल्लेख किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, निदेशक युवा कल्याण प्रो. प्रदीप डिमरी, डीन छात्र कल्याण प्रो. लखविंदर सिंह, पर्यावरण इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष डॉ. रेणुका गुप्ता और डीएसडब्ल्यू कार्यालय और वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:13.08.2022**

# HINDUSTAN

## वाईएमसीए ने पौधरोपण अभियान शुरू किया

फरीदाबाद। जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विशेष पौधरोपण अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान हरियाणा के राज्यपाल तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आह्वान पर शुरू किया गया है। शुक्रवार को इसकी शुरुआत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केएस. यादव कुलपति प्रो. एसके तोमर ने किया।




फरीदाबाद के एनआईटी-तीन स्थित राजकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं ने शुक्रवार को तिरंगा रैली निकाली।

**NEWS CLIPPING:13.08.2022**

# PIONEER

# हर घर तिरंगा के तहत पौधारोपण अभियान शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त, 2022 तक एक विशेष पौधारोपण अभियान शुरू किया है। यह अभियान हरियाणा के राज्यपाल तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आह्वान पर शुरू किया गया है।

पौधरोपण अभियान का उद्घाटन आज विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव ने कुलपति प्रो. एसके तोमर की उपस्थिति में विवि में चल रहे हरियाली पर्व के तहत परिसर में वट, नीम और पीपल के त्रिवेणी के पौधे लगाये। पौधारोपण अभियान में प्रबंधन अध्ययन के शिक्षकों ने भी भाग लिया। गौरतलब है कि हरियाणा के राज्यपाल ने सभी विवि से 11 से 17 अगस्त 2022 तक पौधारोपण अभियान चलाने और परिसर में विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाने का आग्रह किया है। इस राज्यव्यापी पौधारोपण अभियान के अंतर्गत दत्तात्रेय 14 अगस्त, 2022 को हरियाणा राजभवन



के परिसर में पौधा लगाएंगे। इसी दिन विवि और उनके संबद्ध कॉलेज भी अपने परिसरों में पौधा लगाकर उनका साथ देंगे। इस अवसर पर बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल यादव ने राज्य में वन क्षेत्र को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की और कहा कि पिछले 30 वर्षों में हरियाणा का लगभग दो-तिहाई वन क्षेत्र अतिक्रमण और औद्योगिक परियोजनाओं के कारण कम हुआ हैं, जिससे प्रकृति और पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ अपने पूरे जीवनकाल में 1 टन कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर सकता है। इस प्रकार, एक पेड़ चार लोगों के परिवार के लिए एक बीमा की तरह है। उन्होंने पेड़ों के चिकित्सा, धार्मिक और पारिस्थितिक लाभों का उल्लेख किया।